हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 15 जनवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 चायनीज मांझा विक्रय करने पर कठोरतम कार्रवाई के...



07 खराब प्रगति पर 4 अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण...



### नगर सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति पर्व, आज भी मनाया जाएगा पर्व

# आकाश उल्लास के रंगों से दिया सतरंगी दिखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





नगर सहित पूरे क्षेत्र में मकर संक्रांति का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। लोगों द्वारा दान पुण्य किया गया। वहीं नगर का आकाश उल्लास के रंगों से सतरंगी दिखाई दे रहा था। नगर में जमकर पतंगबाजी हुई। युवाओं बच्चों के साथ महिलाएं भी पतंग उड़ाने में पीछे नही रही। गुरुवार को भी मकर संक्रांति पर्व मनाया जावेगा। बुधवार को सूर्य के उत्तरायण के पर्व मकर संक्रांति पर प्रातःकाल से ही नागरिकों द्वारा पूजा अर्चना कर देव दर्शन किये एवं जरूरतमंदों को दान कर पुण्य कमाया। इस मौके पर तिल व गुड़ के लड्डुओं का भी वितरण किया गया। दूसरी ओर युवा व बच्चों द्वारा सुबह से ही अपनी छतों पर पहुंचकर पतंगबाजी प्रारम्भ कर दी गई थी। तेज हवाएं चलने से पतंग उड़ाने में भी आसानी हो रही थी। देखते ही देखते पूरा आसमान विभिन्न रंगों की पतंगों से सतरंगी दिखाई देने लगा था। नगर में चारों ओर वो काटा वो काटा और म्यूजिक का शोर सुनाई दे रहा था है।

#### गिल्ली-डंडा भी खेला

पुरानी परंपरा अनुसार बच्चों युवतियों व बड़ों ने गिल्ली-डंडा भी खेला। पतंग व मांझा लूटने की होड भी गली-मोहल्लों व सड़कों पर दिखाई दी। पतंग उड़ाने के दौरान सेल्फी का दौर भी चलता रहा जिसे युवाओं द्वारा हाथों-हाथ सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया। युवतियों और महिलाओं में भी पतंग उड़ाने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। नगर के लगभग सभी मकानों की छत से बच्चें युवा महिलाएं व वरिष्ठ नागरिक पतंग उड़ाते दिखाई दे रहे थे। कहीं कहीं तो पत्नी पतंग उड़ाते व पति गिररी पकड़े नजर आ रहे थे। मकर संक्रांति के अवसर पर परंपरागत खेल गिल्ली डंडा भी खेला गया। नगर के विभिन्न मैदानों में युवा व बच्चे गिल्ली डंडा खेलते दिखाई दिए। इस दिन तिल व गुड़ के लड्डू तथा जलेबी के सेवन व वितरण की परंपरा भी है जिसे नगरवासियों द्वारा पूरी शिद्दत के साथ निभाया गया। स्थान स्थान पर नागरिकों द्वारा एक दूसरे को तिल के लड्डू व जलेबी खिलाई गई।

#### महिलाओं ने सुहाग की वस्तुओं का किया दान

जिन परिवारों में बुधवार को मकर संक्रांति पर्व मनाया गया उन परिवारों की सुहागिन महिलाओं ने पुरातन परंपराओं को निर्वहन करते हुए पूजन कर आसपड़ोस की महिलाओं को हल्दी-कुमकुम कर सुहाग की वस्तुएं भेंट की। वहीं बालिकाओं द्वारा भी अपनी सहेलियों को विभिन्न वस्तुएं भेंट की गई। मकर संक्रांति पर्व को लेकर घर-घर में तिल-गुड के लड्डू तिलपापडी आदि बनाए गए और संक्रांति मांगने वालों को भी बांटे गए।



#### पतंगों की दुकानों पर रही भीड़

सुबह से लेकर शाम तक पतंग की दुकानों पर काफी भीड़ रही। कई दुकानों पर तो पतंग खत्म हो गई ऐसे में युवा वर्ग पतंगें खरीदने हेतु बाजारों में भटकते दिखाई दिये। देर शाम छतों से रोशनीयुक्त गुब्बारे भी छोडे गए। अभी तक 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जा रही थी लेकिन अब अगले पचास से अधिक वर्षो तक 15 जनवरी को सूर्य उत्तरायण होगा ऐसे में 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इसी के चलते नगर व क्षेत्र में अधिकांश परिवारों द्वारा आज गुरुवार को मकर संक्रांति मनाई जाएगी।

#### गौ माता को गुड़ एवं घास खिलाया

मकर संक्रांति पर जहाँ जरूरतमंदों को दान देने का महत्व है वही गौमाता को गुड़ व घास खिलाने का भी महत्व है। इसी के चलते नगर में स्थान-स्थान पर नागरिकों द्वारा गौमाता को गुड़ व घास खिलाई गई। नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था के सदस्यों द्वारा भी पर्व को लेकर गौ माता को गुड एवं घास खिलाया गया।

### युवाओं ने जमकर की पतंगबाजी

## मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के रंग में डूबा रहा नगर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

बुधवार को मकर संक्रांति की सर्द सुबह का सूरज देशभर में मिठास घोलने का पैगाम लेकर आया। सूर्यदेवता के उत्तरायण होने के साथ ही ठंड को बे असर करती हुई सूर्य की किरणें प्रखर हुई।सूर्य के उत्तरायण होने पर मकर संक्रांति पर्व लोगों में नई ऊर्जा का संचार लेकर आता है। मकर संक्रांति पर्व पर पतंगबाजी के शौकीनों ने छत पर डीजे लगा कर फिल्मी गाने और भजन का आनंद लेते हुए पुरे दिन आसमान में पतंग उड़ाकर संक्रांति मनाई। मंगलवार को दिनभर आसमान में पतंगों के पेंच लड़ते रहे। नगर की हर छत से कट्टा हे की आवाज सुनाई दे रही थी। पूरा आसमान रंग बिरंगी पतंगो से भरा रहा। युवक युवतियों के साथ बच्चों ने भी लिए पतंगबाजी के आनंद।



#### तिल गुड़ का दान कर बाटी मिठास

शास्त्रों के अनुसार मकर संक्रांति पर तिल खाना, तिल से स्नान करना और तिल का दान करने से व्यक्ति को काफी पुण्य मिलता है। गरीब व्यक्ति को कपड़ा दान करने से मानसिक शांति मिलती है। तिल दान से ग्रहों का प्रकोप भी मिटता है। ठंड के दिनों में तिल-गुड़ खाना स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी लाभदायक है। इसी को लेकर मकर संक्रांति पर्व पर घर-घर में महिलाओं द्वारा परंपरागत तिल और गुड़ के लड्डू बनाए गए। महिलाओं द्वारा तिल के लड्डु व गजक से परिवार के लोगों व रिश्तेदारों का मुंह मीठा कर संक्रांति पर्व मनाया गया। साथ ही लोगो द्वारा तिल व कपड़े का दान कर पुण्य लाभ कमाया।

## कार्यकर्ताओं का अटल स्मृति समिति ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष अंतर्गत अटल स्मृति समिति द्वारा नगर में निवासरत जनसंघ के समय के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। मंगलवार को अटल स्मृति समिति के संयोजक युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया द्वारा जनसंघ के समय के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का उनके निवास पर पहुंचकर सम्मान किया जा गया। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का शॉल ओढ़ाकर पुष्पहार पहनाकर अटल कार्यकर्ता सम्मान से अलंकृत कर रजत पत्र भेंट किये गए। नगर में जिनका सम्मान किया गया उनमें फूलचंद वेदिया, सुरेश फाफरिया, प्रेम मस्ताना, दिलीप सकलेचा, अशोक लोढ़ा, हीरालाल सोनी, दाऊलाल मित्तल, जगदीश गिरी आदि शामिल है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, अमित तांतेड़, मनोज गायरी, राजेन्द्र यादव, शुभम खंडेलवाल, लखन यादव आदि उपस्थित थे।



### मंत्री प्रहलाद पटेल 16 को नलखेड़ा में



**नलखेड़ा।** मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार मंत्री पटेल 16 जनवरी को सायं 6 बजे नलखेड़ा आयेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 17 जनवरी को मंत्री पटेल सुबह 8 बजे मां बगलामुखी के दर्शन और पूजन करेंगे। सुबह 10 बजे नलखेड़ा से प्रस्थान कर 10.35 बजे ग्राम पंचायत आवर में आऊ नदी के उद्गम स्थल पर पूजन एवं आमजन से संवाद करेंगे। सुबह 11 बजे आवर से प्रस्थान कर सुबह 11.20 बजे ग्राम पंचायत पालखेड़ी में टिल्लर नदी के उद्गम स्थल पर पूजन एवं आमजन से संवाद करेंगे। मंत्री पटेल दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत निपानिया बैजनाथ में आयोजित सरपंच सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम उपरांत यहां से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस आगर आएंगे तथा दोपहर 2 बजे आगर से घटिया जिला उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे।

## चाइनीज धागे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, मांझा किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मकर संक्राती पर्व के दौरान पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज धागे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीस हजार रुपए मूल्य का मांझा जब्त किया है। बुधवार को थाना प्रभारी नागेश यादव ने प्रतिबंधित चायनीज माझा का विक्रय एवं भंडारण करने वाले व्यक्तिओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश के पालन में एक दल का गठन किया गया। इस दल ने बगलामुखी मंदिर रोड पर स्थित एक दुकान में आड़ में छुपा के रखे प्रतिबंधित चायनीज मांझा के 13 छोटे बड़े चकरे कीमत 20 हजार रुपए के जब्त किया गया।

### चाइनीज धागे से राहगीर के कटे पैर, आठ टांके लगे



**नलखेड़ा।** नगर के मुख्य चौराहे पर एक राहगीर के पैर प्रतिबंधित चाइनीज धागे से कट गए। जिनके एक पैर में टांके आए। बुधवारको नगर निवासी शंकरलाल जायसवाल पैदल शिवाजी चौराहे से निकल रहे थे कि अचानक उनके पैरों में चाइनीज धागा फस गया। वे कुछ समझ पाते तब तक उनके दोनों पैर कट चुके थे एवं तत्काल खून बहने लगा। उनका दाहिना पैर इतना अधिक कट गया की टांके आए।

## तितली सोशल वेलफेयर ने मकर संक्रांति पर बस्तियों में सामग्री बांटी



**नलखेड़ा।** मकर संक्रांति पर्व पर तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी उज्जैन ने समाज सेवा का सराहनीय उदाहरण पेश किया। संस्था की टीम ने शहर की गरीब बस्तियों में जाकर छोटे-छोटे बच्चों को मकर संक्रांति पर्व पर पतंग मांझा तिल पपड़ी मिठाई का उपहार भेंट किया जिसको लेकर बच्चो में ख़ुशी का माहौल दिखा। साथ ही लगभग 50 से ज्यादा झुगी झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों को सर्दी से बचने के लिए कम्बल व मिठाई और अन्य सामग्री घर-घर जाकर वितरित किए गए।

संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी पिछले 3 वर्षों से लगातार समाजसेवा के विभिन्न कार्य कर रही है। संस्था द्वारा समय-समय पर गरीब बस्तियों में दवाइयां, बच्चों को स्कूल बैग, बहनों का राखी पर साड़ी और मिठाई जैसी आवश्यक वस्तुएं वितरित की जाती रही हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में सोसाइटी की पूरी टीम उपस्थित रही। ऐसे कार्य करने पर सस्था की टीम को गरीब परिवार के लोगो नें सहरानीय कार्य करने पर सस्था सदस्यों को आशीर्वाद दिया।




## पीएम श्री स्कूल धरोला में बैगलेस डे पर नन्हे हाथों ने बनाई कलाकृतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





विकासखंड के पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में बुधवार को बैगलेस डे उत्साह के साथ मनाया गया। इस खास दिन नियमित पढ़ाई-लिखाई को एक तरफ रखकर छात्र-छात्राओं ने अपनी छिपी प्रतिभाओं को खुलकर प्रदर्शित किया।

इस आयोजन की प्रमुख आकर्षण थी मिट्टी कला (क्ले आर्ट) की गतिविधि। बच्चों ने अपनी नन्हीं उंगलियों से मिट्टी को आकार देकर अद्भुत कलाकृतियां तैयार की जिनमें रसोई के बर्तन इलेक्ट्रिक उपकरण विभिन्न मूर्तियाँ सुंदर पुष्प रंग-बिरंगे खिलौने और अन्य आकर्षक वस्तुएं। इन कलाकृतियों ने न केवल दर्शकों को प्रभावित किया बल्कि बच्चों में छिपी कलात्मक प्रतिभा को भी उजागर किया। इस दौरान बच्चे पूरी तरह उक्त कार्य मे डूबे नजर आए। कुछ मिट्टी गूंथ रहे थे तो कुछ बारीकी से आकृतियां बना रहे थे।

### कस्बा क्षेत्र के नागरिकों को अब कस्बे में ही मिलेंगी चिकित्सा सुविधाएं

# विधायक सुदेश राय ने किया मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कस्बा क्षेत्र के नागरिकों को अब समुचित उपचार की सुविधा कस्बा क्षेत्र में ही मिलेगी। नागरिकों को अब जिला अस्पताल तक इलाज के लिए नहीं आना पड़ेगा। विधायक सुदेश राय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर का रिबन काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी उपस्थित रहे।

विधायक सुदेश राय की अनुशंसा से सांसद आलोक शर्मा की विशेष निधि से नगर पालिका परिषद के द्वारा कस्बा क्षेत्र की निजामत के पास मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार की योजना अतर्गत 36 लाख 50 हजार की लागत से सर्व सुविधा युक्त वार्ड क्रमांक 34 में संजीवनी क्लीनिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का निर्माण किया गया है। क्लीनिक के माध्यम से कस्बा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड नबर 30, 31 32, 33, 34, 35 में रहने वले 50 हजार से अधिक नागरिकों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनक आयुष आरोग्य मंदिर का संचालन जिला स्वास्थ्य विभाग ऑफिसर डॉक्टर मालती आर्य के द्वारा किया जएगा।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग के मुखिया राजेंद्र शुक्ला प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा के द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य की भी चिंता की जा रही है। नागरिकों को अच्छे से अच्छी और जल्दी मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 5 से 10 वार्डों के नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री सजीवनी क्लीनिक खोले जा रहे हैं। यहां पर डॉक्टर नर्स सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहेगा।

विभिन्न प्रकार की दवाइयां और इंजेक्शन भी यहां से उपलब्ध होंगे। कस्बा क्षेत्र के नागरिकों के लिए यह मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक लाभदायक सद्ध होगा।

शुभाराम कार्यक्रम में प्रमुख से वार्ड पार्षद हेमा सुदीप व्यास, रजनी सत्यनारायण इरशाद पहलवान, इरफान लाल,अजम नेताजी,तनवीर मजीद अंसारी, चांदनी मालवीय सहित संदीप प्रजापति, अशोक राठौर, कन्हैयालाल मालवीय एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### वन मंडल ने की सागौन तस्करों पर कार्रवाई



**चापडा।** सब रेंज कमलापुर अंतर्गत मंगलवार रात को मुखबिर की सूचना के आधार पर जिला वन मण्डलाधिकारी अमित चौहान एवं उपवन मंडलाधिकारी अंकित जामोद बागली के निर्देशन में जिनवानी रेन्जर तनय कुलश्रेष्ठ की टीम ने सिंगोड़ी से कांटाफोड़ मार्ग पर रात्रि के समय सागौन का अवैध परिवहन करते हुए एक महिंद्रा पिकअप वाहन एमपी 41 जेडसी 2141 को अवैध सागौन की लकड़ी परिवहन करते हुए पकडा। वाहन में सागौन लठ्ठा 11 नग 1.103 घनमीटर अवैध रूप सागौन लकड़ी परिवहन करते हुए पकड कर जप्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 45,097 रूपये है। अवैध परिवहन के दौरान चार आरोपी बताए जा रहे है, जिसमें से तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। वहीं आरोपी अंकित पिता बलराम को वन विभाग कि टीम ने धर दबोचा।

### सड़क हादसे में हुई निज सचिव की बहन की मौत

**देवास।** मकर सक्रांति बुधवार शाम हुए सड़क हादसे ने सभी जिलेवासियों को झकझोर दिया। शहर के इंदौर मार्ग पर रसलपुर के समीप एक महिला और उनके पुत्र स्कूटी से इंदौर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार बस ने उन्हें टक्कर मार दी हादसे में महिला की मौत हो गई। वहीं महिला का पुत्र मामूली रूप से घायल हुआ। जानकारी अनुसार महिला हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी के निज सचिव अमीर अवस्थी की बहन सपना दुबे थी। सपना अपने पुत्र आर्यन के साथ इंदौर जा रही थी तभी दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई।

### पुलिस और प्रशासन सतर्क, उत्साह उमंग के पर्व पर न हो कोई जानलेवा हादसा, पालक भी रखें बच्चों को ध्यान

# चायनीज मांझा विक्रय करने पर कठोरतम कार्रवाई के साथ दुकान को भी किया सील, चाइनीज मांझे के गट्टे किए जब्त





पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार कर रही है जिलेभर में निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पारंपरिक मकर संक्रांति पर्व पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा से कोई जानलेवा हादसा अथवा दुर्घटना न हो इसको लेकर जिला प्रशासन बेहद सतर्क है। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त दल चेकिंग अभियान चलाकर मुखबिरों को सक्रिय कर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वालों की धरपकड़ करने में जुट हुए है। प्रशासन के जवाबदारों द्वारा बार बार अपील की जा रही है कि जानलेवा चाइनीज मांझे का उपयोग न करे । इसके क्रय विक्रय को प्रतिबंधित भी किया गया है, लेकिन कुछ लोग जानलेवा चाइनीज मांझे को बेचने से बाज नहीं आ रहे है जिन पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई कर रहा है। राजस्व और पुलिस का संयुक्त अमला चाइनीज मांझा बेचने वालों की दुकानों को सील कर रहा है। वहीं पुलिस द्वारा उन पर सख्त प्रकरण बनाए जा रहे है। कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में प्रतिबंधित चायनीज मांझे का विक्रय एवं उपयोग करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सोनकच्छ में स्कूटी की डिक्की में रखकर प्रतिबंधित चायनीजमांझे के विक्रय की सूचना पर तहसीलदार सोनकच्छ श्री संजय गर्ग ने थाना प्रभारी सोनकच्छ के साथ कार्यवाही कर संदीप पिता कैलाश राठौर निवासी सोनकच्छ से दो चायनीजमान्जे के गटटे जप्त कर दुकान को सील किया गया एवं आरोपी के विरूद्ध बीएनएसएस की धारा 170 के तहत कार्यवाही की गई। तहसीलदार सोनकच्छ श्री संजय गर्ग ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि गीता भवन परिसर एम.जी. रोड सोनकच्छ में एक व्यक्ति अपनी स्कूटी (मोटर सायकल) की डिक्की में रखकर प्रतिबंधित चायनीजमांन्झे को विक्रय कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी सोनकच्छ के साथ कार्यवाही करने पर डिक्की में रखकर चायनीजमांझा विक्रय करते हुए संदीप पिता कैलाश राठौर निवासी सोनकच्छ से दो चायनीजमान्जे के गटटे जप्त किये गये एवं प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की दुकान सील की गई। आरोपी के विरूद्ध बीएनएसएस की धारा 170 के तहत कार्यवाही की गई। चायनीज मांझे का विक्रय पर देवास में भी कार्यवाही की गई। नायब तहसीलदार श्री कपील गुर्जर ने बताया कि देवास में रवि पिता लीलाधर नरवरिया तथा पीयूष पिता कुंदर राव मराठा थाना कोतवाली देवास को चाइनीज मांझा बेचने पर बीएनएनएस 170 के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। साथ ही बीएनएसएस की धारा 163 और धारा 223 की तहत भी कार्यवाही की जा रही है।

### चायनीज मांझा विक्रय करने पर दुकान सील

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में प्रतिबंधित चायनीज मांझे का विक्रय एवं उपयोग करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सोनकच्छ में स्कूटी की डिक्की में रखकर प्रतिबंधित चायनीजमांझे के विक्रय की सूचना पर तहसीलदार सोनकच्छ संजय गर्ग ने थाना प्रभारी सोनकच्छ के साथ कार्यवाही कर संदीप पिता कैलाश राठौर निवासी सोनकच्छ से दो चायनीज मांझे के गटटे जप्त कर दुकान को सील किया गया एवं आरोपी के विरूद्ध बीएनएसएस की धारा 170 के तहत कार्यवाही की गई। तहसीलदा गर्ग ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि गीता भवन परिसर एम.जी. रोड सोनकच्छ में एक व्यक्ति अपनी स्कूटी (मोटर सायकल) की डिक्की में रखकर प्रतिबंधित चायनीज मांझे को विक्रय कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी सोनकच्छ के साथ कार्यवाही करने पर डिक्की में रखकर चायनीज मांझा विक्रय करते हुए संदीप पिता कैलाश राठौर निवासी सोनकच्छ से दो चायनीज मांझे के गटटे जप्त किये गये एवं प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की दुकान सील की गई। आरोपी के विरूद्ध बीएनएसएस की धारा 170 के तहत कार्यवाही की गई। चायनीज मांझे का विक्रय पर देवास में भी कार्यवाही की गई। नायब तहसीलदार कपील गुर्जर ने बताया कि देवास में रवि पिता लीलाधर नरवरिया तथा पीयूष पिता कुंदर राव मराठा थाना कोतवाली देवास को चाइनीज मांझा बेचने पर बीएनएनएस 170 के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। साथ ही बीएनएसएस की धारा 163 और धारा 223 की तहत भी कार्यवाही की जा रही है।

### कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा संक्रांति पर्व के दृष्टिगत प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विक्रय,भंडारण एवं उपयोग में संलिप्त आरोपियो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचंद्र शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को थाना कोतवाली क्षेत्र में दबिश देकर देवास पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की । कोतवाली पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर सूचना से नई आबादी थाना कोतवाली क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा विक्रय की सूचना प्राप्त हुई । सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा दबिश देकर स्वयं पिता सचिन महेश्वरी उम्र 20 साल निवासी जबरन कॉलोनी कंजर मोहल्ला देवास के कब्जे से प्रतिबंधित 04 चाइनीज मांझे के गट्ठे जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली पर धारा 223 बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी स्वयं पिता सचिन महेश्वरी उम्र 20 साल निवासी जबरन कॉलोनी कंजर मोहल्ला को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामचंद्र शर्मा,उनि सचिन सोनगरा,प्रआर मनोज मौर्य,सुनील देथलिया,आर सुजीत चौधरी एवं वैभव मंडलोई की सराहनीय भूमिका रही।

# जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक में ऋण वितरण योजनाओं में वित्तीय वर्ष के लक्ष्य प्राप्त करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक में नगर अग्रणी जिला प्रबंधक प्रकाश केवलरमानी, आरबीआई प्रतिनिधि, उद्योग विभाग, कृषि, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, एनआरएलएम, आरसेटी सहित अन्य संबंधित विभागों के प्रमुख एवं विभिन्न बैंकों के समन्वयक उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने हितग्राहिमूलक योजनाओं में हितलाभ वितरण की ब्लॉकवार एवं बैंकवार प्रगति की जानकारी ली।

इस दौरान बताया गया कि प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना(पीएमएफएमई) में देवास जिला ऋण वितरण में प्रदेश में पांचवे स्थान पर है। इस पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि योजना में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ दें एवं जितने भी प्रकरण स्वीकृत हो गये है, उनमें ऋण वितरण का कार्य भी शीघ्र करें। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अस्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा करें एवं यह सुनिश्चित करें की कोई भी पात्र हितग्राही लाभ लेने से वंचित तो नहीं रह गया है।

यदि कोई पात्र हितग्राही योजना के लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजना का लाभ दिलाए। सिंह ने सभी नगर परिषदों को निर्देश दिए कि सभी पात्र नागरिकों को पीएम स्वनिधि का लाभ दिलाए। उन्होंने कहा कि फसल बीमा की राशि एक ही बैंक से काटी जाए, अलग-अलग बैंकों से फसल बीमा की राशि नहीं कटनी चाहिए।

फसल बीमा संबंधित सभी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करें एवं पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाए। सिंह ने सभी बैंकों को निर्देश दिये कि बैंको की ब्रांच एवं एटीएम की संख्या बढ़ाए जिससे नागरिकों को वित्तीय लेन देन में सुविधा हो। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा कर नगर परिषद, जनपद पंचायत एवं एनआरएलएम को निर्देश दिये कि हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। प्रदेश सरकार द्वारा संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत जिले के नागरिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। अभियान में बैंक संबंधी तीन योजनाओं पीएम जीवन ज्योति, अटल पेंशन योजना एवं दुर्घटना बीमा योजना को शामिल किया गया है। सभी बैंक लक्ष्य निर्धारित कर शिविर लगाये और जिले के नागरिकों को इन योजनाओं का दिलाये।

बैठक में आरसेटी द्वारा जिले में चलाए जा रहे ट्रेनिंग प्रोग्रामों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही ऋण वितरण योजनाओं की समीक्षा कर वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने स्व रोजगार योजनाओं में स्वीकृत प्रकरणों और लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि सभी विभाग हितग्राही मूलक योजनाओं में ऋण स्वीकृत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

### कृभको का ग्राम नांदेल में पेयजल सुविधा कार्यक्रम हुआ आयोजित



**भौरासा।** कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड देवास द्वारा गत दिनों अंगीकृत ग्राम नांदेल में पेयजल सुविधा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राजीव कुमार उप महाप्रबंधक कृभको मध्य प्रदेश, विशेष अतिथि सुमेर सिंह यादव, एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी संस्था नांदेल ,गोपेश पाठक उप संचालक कृषि जिला देवास, राजबाबू कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको इंदौर, नरेन्द्र सिंह कुशवाह समिति प्रबंधक नांदेल, लाल सिंह यादव सरपंच नांदेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृभको इंदौर के क्षेत्रीय प्रबंधक राज बाबू कुमार द्वारा कृभको के बारे में विस्तार से बता कर विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया गया। साथ ही कृभको के उत्पाद जैसे राइजोसुपर, सिटी कंपोस्ट, मोलासेस पोटाश, तरल जैव उर्वरक आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ. राजीव कुमार उप महाप्रबंधक मध्य प्रदेश ने कृभको द्वारा देश भर में किए जा रहे अलग अलग किसान हितैषी कार्यों ओर उर्वरकों की आपूर्ति के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में किसानों से कृभको के अन्य उत्पादों को उपयोग करने की सलाह दी गई।

# आनंद उत्सव में पारंपरिक खेलों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासन निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में 28 जनवरी तक "आनंद उत्सव" का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ बुधवार को किया गया। आनंद उत्सव के शुभारंभ अवसर पर बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए आयोजित विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिता में सभी ने उत्साह से सहभागिता कर आनंद की अनुभूति प्राप्त की।

आनंद विभाग की इंदौर एवं उज्जैन संभाग की समन्वयक डॉ. समीरा नईम ने बताया कि देवास जिले के सभी विकासखंडों एवं नगर परिषदों में लगभग 295 स्थानों पर आनंद उत्सव का आयोजन किया जाएगा। सभी जिलेवासी 28 जनवरी तक संचालित आनंद उत्सव में उत्साह के साथ सहभागिता कर पारंपरिक खेलों का आनंद लें। यह उत्सव नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के महिला एवं पुरुषों में आनंद की अनुभूति दिलाने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

आनंद के इस कार्यक्रम अंतर्गत कबड्डी, कुर्सी दौड़, नीबू रेस, रस्सी खींच, बोरा दौड़ एवं अन्य पारम्परिक खेलों के साथ, गायन, नृत्य, भजन आदि, सांस्कृतिक गतिविधियों को शामिल किया गया हैं। आनंद उत्सव को सफलता पूर्वक मनाने के लिए जिले के सभी विकासखंडों में स्थित ग्राम पंचायतों को कलस्टर में विभाजित किया गया है, जिसमे प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ आनंदकों की सहभागिता भी सक्रिय रूप से रहेगी।

### संस्था हिंद रक्षक संगठन ने 7 हजार पतंगों के साथ चकरी और तिलगुड़ का किया वितरण

# 21 साल से भारतीय संस्कृति की परंपरा को रखा कायम: पवार





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संस्था हिन्द रक्षक संगठन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस 21वें वर्ष में भी मकर सक्रांति पर्व हर्षोल्लास व पारम्परिक रूप के साथ मनाया गया। कार्यक्रम आयोजक पार्षद एवं नगर निगम नेता सत्तापक्ष मनीष सेन ने बताया कि नावेल्टी चौराहा पर आयोजित विशाल पतंग महोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक गायत्रीराजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, राजीव खण्डेलवाल, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, इंदौर से पार्षद जितेंद्र सिंह राठौड़, जिला महामंत्री राजेश यादव, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, बहादुर मुकाती, गौतम सिंह राजपूत, राजेश यादव पह., विनय सांगते, संजय दायमा आदि शामिल हुए। मंचासीन समस्त अतिथियो का स्वागत अजय अग्रवाल, प्रभात कल्याणे, महेश बोड़ाना, जीतु चौहान, संजय तलरेजा, सुमेर सिंह चावड़ा, विनय चावडा, नीतेश सेन मुन्ना सहित संगठन सदस्यों ने भगवा गमछा ओढ़ाकर किया। पतंगोत्सव का शुभारंभ संगीतमय वंदेमातरम गीत एवं सुंदरकाण्ड पाठ के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों ने रंग-बिरंगे गुब्बारों के साथ पतंगों को आकाश छोडकर कार्यक्रम की शुरूआत की। विधायक पवार ने अपने संबोधन में कहा कि यह पर्व हिन्दू धर्म का मुख्य त्यौहार है। संस्था हिन्द रक्षक के मनीष सेन विगत 21 वर्ष भारतीय संस्कृति की परम्परा को कायम रखते आ रहे है।

उक्त आयोजन की निरंतरता के लिए में आयोजक सेन व पूरे संगठन को बधाई देती हूँ और आशा करती हूँ कि आगे भी हिन्दू धर्म के अलख जगाने हेतु ऐसे आयोजन होते रहे। कार्यक्रम के दौरान वर्षो से वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की रात-दिन सेवा करने वाले संचालक दिनेश चौधरी व आदियोगी की आकर्षक पेंटिंग बनाकर भेंट करने पर सभापति रवि जैन की बालिका मोक्षा जैन का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों को 7 हजार पतंगों के साथ आलूबडे, चकरी व तिलगुड का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा तीनों मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवगोत्री, शुभम चौहान, सुरेश सिलोरिया, मधु शर्मा, जुगनू गोस्वामी, अर्जुन चौधरी, शिवा चौधरी, रुपेश वर्मा, राहुल दायमा, दीपक राजा अकोदिया, राजेंद्र ठाकुर, निलेश वर्मा पहलवान, जिला महामंत्री विजय सिंह पवार, कपिल पवार, शशिकांत यादव, गणेश पटेल, हीना राठौर, पंकज सिंह धारू, मनीष चौहान उपस्थित हुए। इस दौरान बडी संख्या में नगरवासियों के साथ स्कूली व अन्य बच्चे उपस्थित थे।

### भवानी सागर में मना पतंग महोत्सव सांसद सोलंकी ने भी लड़ाए दांव-पेच



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर देवास शहर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। देवास शाजापुर लोकसभा मीडिया प्रभारी शेखर कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि भवानी सागर परिसर में विकास सांगते मित्र मंडल द्वारा आयोजित भव्य पतंग महोत्सव में देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने विशेष रूप से सहभागिता की।

सांसद सोलंकी ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गौ माता पूजन कर गौ ग्रास खिलाया इसके पश्चात सभी इष्ट मित्रों को तिल के लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं देते हुए इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों को समाज में एकता और परंपराओं के संरक्षण का माध्यम बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ इतिहासकार दिलीप सिंह जाधव बाबा साहब की गरिमामयी उपस्थिति रही।

भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत भल्ला, कमल शर्मा, शंभू अग्रवाल, दुर्गेश खींची, महेश चौहान, पंकज वर्मा, नीरज चौहान, भोजराज सिंह ठाकुर, प्रवीण वर्मा, ईश्वर परासिया, उदयन जाधव, संतोष वर्मा, शुभम जाधव, पंकज सोनी, अनुज शर्मा, समर्थ पांचाल, अंशु गुप्ता, जयंत सिसोदिया, भारत यादव, विशाल सांगते, अनिकेत कहार, विजय सिंह सांगते, मोनू चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, युवा साथी और नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे। पतंग महोत्सव के दौरान रंग-बिरंगी पतंगों से आकाश सुशोभित हो उठा। बच्चों, युवाओं और वरिष्ठजनों ने आनंद लिया।

## खबर संक्षेप

### बिजली बिल भरने के बाद भी संयोजन काटा

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना गोविन्दनगर निवासी नसरीन बानो पत्नी साकिर खान ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसके परिसर के बाहर मीटर लगा हुआ है, जिसका बिल 6 जनवरी को चुकता कर दिया था। बताया कि 14 जनवरी को अपराह्न 12 बजे बिजली विभाग के सम्बन्धित अधिकारी आये और उसका संयोजन काट दिया, जिससे बिजली बंद हो गयी। अब बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। बताया कि इसके पूर्व उनके पति के खिलाफ 1 लाख 21 हजार 780 रुपये का चालान काट मुकदमा लिखा था। जिससे वह काफी परेशान हैं। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से मामले में कार्यवाही करने की मांग उठायी है।

### तालबेहट पुलिस ने पकड़ा शातिर चोर

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना तालबेहट पुलिस ने धमकना निवासी रविन्द्र यादव पुत्र ईश्वरीय यादव को हिरासत में लिया है। पुलिस ने रविन्द्र यादव के पास से एक लावा कम्पनी का टेबलेट, एक इन्वर्टर, बैट्री, एक साउण्ड, एक माइक, एक कटर लोहा का, एक ड्रिल मशीन व एक हथौड़ी बरामद की है। शातिर चोर को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तालबेहट मनोज मिश्रा टीम के साथ शामिल रहे।

### मारपीट कर सोने की चेन छीनने का आरोप

**ललितपुर।** मोहल्ला गोविन्दनगर निवासी सलीम अली पुत्र मुबारक अली ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 जनवरी को अपराह्न ढ़ाई बजे महिला थाना में था। तभी इमामबाड़े पास जब वह था तब नदीपुरा निवासी कुछ लोग आये और उसे गालियां देते हुये थप्पड़ मार दिया और गले से सोने की चौन लेकर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीडित ने पुलिस से मामला दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### खेत जा रही महिला से की छेड़छाड़

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 10 जनवरी को जब वह अपने खेत पर जा रही थी, तभी गांव के जैन सिंह पुत्र मेवालाल यादव ने उसे रोका और मोबाइल नम्बर मांगने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर जैन सिंह ने उससे अश्लीलता करते हुये उसे जमीन पर पटक दिया। इस दौरान जब वह चिल्लायी तो जैन सिंह उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। मामले की शिकायत पुलिस चौकी तेरई फाटक में करने से बौखलाये जैनसिंह ने उसके घर आकर जान से मारने की धमकी दी। अब कोतवाली तालबेहट पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### स्कूटी सवार दोस्तों को बाइक चालक ने टक्कर मारी

**ललितपुर।** सिविल लाइन खांदी थाना तालबेहट में रहने वाले अनिल कुमार पुत्र स्व.कमल सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र आशीष आगवान अपने दोस्त हजारिया महादेव मंदिर के पास तालबेहट निवासी जितेन्द्र बिलगैंया पुत्र महेन्द्र कुमार के पास 31 दिसम्बर की रात 8.30 बजे अपनी होण्डा एक्टिवा नं. यू.पी. 94 ए.एफ. 5027 से एक साइड खड़े हुये थे, तभी ग्राम करीला के आमबाय निवासी नितिन पुत्र परमानन्द अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.सी. 2157 पर तेजी व लापरवाही से आया और स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और उसका पुत्र आशीष व उसका दोस्त जितेन्द्र मौके पर गिरकर बेहोश हो गये। सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों को उपचार के लिए सीएचसी तालबेहट ले गये, जहां दोनों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज भेजा गया। जहां मेडीकल कॉलेज के बाद निजी अस्पतालों में दोनों का उपचार किया गया। करीब 11 दिनों तक चले उपचार के बाद उसका पुत्र घर आ सका।

### सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में राजस्व व विकास कार्यों में मिला 9वां स्थान

# खराब प्रगति पर 4 अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण, एक माह में प्रगति सुधारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए जनपद के विकास कार्यों की प्रगति जानी और खराब प्रगति वाले अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब करते हुए एक माह के भीतर प्रगति सुधारने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जनपद की रैंकिंग खराब करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे, यदि इसके बाद भी प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं होगा तो सम्बंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बताया गया कि प्रदेश की रैंकिंग में ललितपुर को राजस्व मामलों में 9वां स्थान, विकास में 17वां एवं राजस्व व विकास में 9वां स्थान मिला है। समीक्षा के दौरान अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण विभाग, कृषि विभाग, भूमि संरक्षण विभाग और मत्स्य विभाग की योजनाओं की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी और सहायक निदेशक मत्स्य का स्पष्टीकरण तलब किया, इसके साथ ही उद्योग, बेसिक शिक्षा, नई सड़कों के निर्माण, मत्स्य पट्टों, राज्य कर, निर्माण कार्यों आदि में की प्रगति में गिरावट के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों को एक माह का




अल्टीमेटम देते हुए प्रगति सुधारने के कड़े निर्देश दिये गए। इसी श्रृंखला में फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान मृतक किसानों का डाटा डिलीट करने व किसान क्रेडिट कार्ड की लंबित पत्रावलियों का एलडीएम से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश दिये गए।

#### इकाई कलेक्शन सेंटर संचालित कराएं

पशु पालन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में अण्डा उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए लाभार्थियों को जागरुक करने के निर्देश दिये, साथ ही सभी अधिकारियों को पर्यटन विभाग की बेड एण्ड ब्रेकफास्ट योजना में अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के लिए आमजन व स्थानीय कर्मचारी जिनके पास कम से कम 6 कमरों वाला मकान हो, के रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर पर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन इकाई कलेक्शन सेन्टर संचालित करायें। इसके अलावा सभी अधिकारी सूचना विभाग द्वारा प्रतिदिन प्रातरू उपलब्ध करायी जा रही निगेटिव न्यूज की निस्तारण आख्या दोपहर तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि शाम तक शासन को रिपोर्ट भेजी जा सके।

#### व्यय व अवशेष बजट की समीक्षा कर लें

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी विभागों के साथ एक बैठक कर उनके व्यय व अवशेष बजट की समीक्षा कर लें। जीरो पॉवरटी अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि व अपने-अपने लक्ष्यों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चत करें, अगले हफ्ते इसकी समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, उसमें किसी की भी प्रगति खराब न रहे। 24, 25 और 26 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस के सम्बंध में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए निर्देश दिये कि अभी से आयोजन की तैयारियां पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि आयोजन पूरी भव्ययता के साथ सम्पन्न हो। इस दौरान सीडीओ शेषनाथ चौहान, पीडी डीआरडीए, डीडीओ, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण, सूचना व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दसवां सशस्त्र सेना वेटरंस दिवस

## पूर्व सैनिकों, विशिष्ट पदक विजेता व वीरांगनाओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

14 जनवरी को 10वे सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बुधवार को कैम्प कार्यालय में जिले की वीर नारियों एवं वीरता व विशिष्ट पदक विजेताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि कोई भी देश तभी प्रगति करता है जब वहां का बोर्डर सुरक्षित होता है, हमारे देश की प्रगति के लिए सेना का योगदान अभूतपूर्व है। सैनिकों और उनके आश्रितों की किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। आज का दिन पूर्व सैनिकों की वीरता और बलिदान के प्रति सम्मान प्रकट करने का दिन है, हमारे पूर्व सैनिकों का साहस और देशभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

जिलाधिकारी ने जनपद की वीर नारी संध्या चंदेल पत्नी स्व.चरण सिंह ग्राम सौजना एवं पूर्व सैनिकों को सर्टिफिकेट, शॉल व स्मृति चिन्ह भेट स्वरुप प्रदान कर सम्मानित किया। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने भी अपने व अपने परिवार द्वारा सेना में की गई सेवाओं के बारे में अनुभव साझा किये गए और सभी पूर्व सैनिकों के साहस को नमन किया गया।

### समता एक्सप्रेस से चोरी हुआ बैग

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिला अंतर्गत थाना नगरा के बहोर का पुरा (पोरसा) निवासी सचिन राजपूत पुत्र रविन्द्र राजपूत ने जीआरपी को तहरीर दी है। बताया कि बीती 27 दिसम्बर को वह दुर्ग से ग्वालियर के लिए समता एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहा था। ललितपुर पर उसने देखा कि उसका रैक पर रखा नीले रंग का बैग गायब था। बैग में पर्स, 10 व 12 की मार्कशीट, बीएससी की मार्कशीट, बैंक पासबुक, ए.टी.एम. पीएनबी बैंक, पेनकार्ड, आधार कार्ड, आय व निवास प्रमाण पत्र, स्टेट जाति, सेन्ट्रल जाति, परिवार आई.डी., आईटीबीपी फिजिकल क्वाली स्लिप आदि थे।

## कलेक्ट्रेट में आपदा मित्रों व सिविल डिफेंस के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ने कलेक्ट्रेट में आपदा मित्रों एवं सिविल डिफेंस के सदस्यों को यातायात का प्रशिक्षण देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान के अंतर्गत यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने सभी को यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया। अभियान में बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने के नियम का पालन, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने एवं निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाने की अपील, कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

## ब्राह्मण समाज में फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने से आक्रोश व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सोशल मीडिया पर एक समाज विशेष के लिए की गयी टिप्पणी पर आक्रोश व्यक्त करते हुये सवर्ण आर्मी ने जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत के नेतृत्व में एसपी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। बताया कि मूल रूप से महरौनी और हाल में मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ में निवासरत व्यक्ति पर विगत कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया के फेसबुक एकाउण्ट पर ब्राह्मण समाज के लिए अपशब्दों का प्रयोग करते हुये टिप्पणी को पोस्ट किया गया है।

इस कृत्य से ब्राह्मण समाज में काफी रोष व्याप्त है। बताया कि पोस्ट करने वाला व्यक्ति काफी शातिर किस्म का आपराधिक व्यक्ति है और पूर्व में कई मामले दर्ज किये गये हैं, जिसके चलते उक्त व्यक्ति जेल भी जा चुका है। उन्होंने एसपी से उक्त फेसबुक आईडी को ब्लॉक



करायी जाकर उक्त व्यक्ति पर आपराधिक मामला दर्ज करा सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय इन्द्रेश तिवारी, शुभम पस्तोर, रोहित चौबे, वेदप्रकाश लिटौरिया, अनुराग विदुआ, विनोद कुमार मिश्रा, महेन्द्र कुमार मिश्रा, आशीष, विनीत तिवारी, नेहा तिवारी, शुभम तिवारी, डा.दीपक पस्तोर, कृष्णकान्त कांकर, आलोक चतुर्वेदी, प्रदीप रिछारिया, श्याम बिहारी दीक्षित, गौरव शर्मा के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

## एनडीए गठबंधन व चुनाव पर्यवेक्षक का लखनऊ पहुंच कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शिवसेना (शिंदेगुट) के मुख्य राष्ट्रीय एनडीए गठबंधन एवं चुनाव परिवेक्षक अभिषेक वर्मा लखनऊ के आगमन पर जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने अपने सभी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ पहुंचे और चरण सिंह चौधरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडा अमौसी लखनऊ राष्ट्रीय एनडीए गठबंधन एवं चुनाव पर्यवेक्षक अभिषेक वर्मा का स्वागत किया। तत्पश्चात होटल ताज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में अभिषेक वर्मा एनडीए राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय दुबे एवं राज्य प्रमुख स्नेहकर सुरेश करमाकर एवं समस्त पदाधिकारीगणों एवं सदस्यों का स्वागत सम्मान किया। मीटिंग में शिवसेना एकनाथ (शिंदेगुट)चुनाव संबंधित विषयों पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया अंत में पर्यवेक्षक अभिषेक वर्मा ने



जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विजय नामदेव, छोटू प्रजापति, दिग्विजयसिंह बुंदेला, कपिल नामदेव, सोनू कुशवाह, सुनील रैकवार, रामस्वरूप नामदेव, गणेशाराम रजक, अर्जुन बरार, सुरेंद्र रैकवार, सोनू चंदेल, राजीव कुशवाहा, अश्वनी शर्मा, भगवानदास चंदेल, जसवंत नामदेव, सत्यम ताम्रकार, शिकारीलाल सेन, अनिकेत कुशवाहा, राजा नामदेव, शिवम ताम्रकार, सुखलाल कुशवाहा, शिव कुमार चंदेल उपस्थित रहे।

## नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले शातिर बदमाश को जखौरा पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना जखौरा पुलिस ने वांछित जिला लखनऊ के थाना इटौजा अंतर्गत ग्राम अटेसुआ निवासी अमरसिंह पुत्र राम बहादुर सिंह को हिरासत में लिया है। पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि बांसी निवासी देवेन्द्र पुत्र रामनाथ अहिरवार ने शिकायत दर्ज करायी थी, जिसमें उसने दो माह पूर्व वादी व अन्य पीडितों को संविदा



पर नौकरी दिलवाने के नाम पर रूपये ले लेना तथा कूटरचित नियुक्ति पत्र वादी को देना का आरोप लगाते हुये उसके घर जाकर धोखाधडी के सम्बन्ध में उलाहना देना व रुपये वापस मांगने पर गाली-गलौज कर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने के सम्बन्ध में दिया गया था। प्रकरण को लेकर थाना जखौरा पुलिस ने 08 अगस्त अभियोग पंजीकृत कर रामप्रसाद सेन व संजीव को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गयी थी।

## ऋण धारकों की समस्याओं का निराकरण होगाः जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बेसिक शिक्षा परिषद शिक्षक कर्मचारी वेतन भोगी सहकारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक समिति कार्यालय पर समिति सभापति सत्येंद्र जैन की अध्यक्षता व सचिव प्रशांत राजपूत के संचालन में संपन्न हुई। जिसमें समिति की ओर से अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

समिति उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा ने प्रस्ताव रखा कि 5 वर्ष की तय सीमा में या नियमित ऋण किस्त जमा न करने वाले ऋण धारकों को नोटिस जारी करते हुए माह जनवरी में उत्तर प्रदेश सहकारी समिति 1965 की धारा 95 (क) की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाय, जिस पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।




मुख्य कार्यपालन अधिकारी व उपनिबंधक सहकारिता द्वारा दिये गए दिशा निर्देश के क्रम में ऋण धारकों के ऋण धन का बीमा कराया जाएगा। ऋण समिति संचालन की सदस्य मधुश्री खरे एवं बबीता रिछारिया ने प्रस्ताव रखा कि इस वर्ष समिति का वार्षिक महोत्सव आयोजित किया जाय। समिति संचालक सदस्य शक्ति सिंह एवं परशुराम निरंजन ने कहा की पूर्व की भांति कार्यालय वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा)से पूर्व की भांति ऋण किस्त की कटौती प्रारम्भ कराई जाय। कार्यालय से अभी भी एक प्राइवेट संस्था की किस्त की कटौती हो रही है। ऋण समिति सभापति सत्येन्द्र जैन ने कहा कि ऋण धारकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उनके समस्त हितों का समिति की ओर से ध्यान रखा जाएगा।

### बृजनंदन शर्मा की पुण्यतिथि मनाई

## राज्यमंत्री ने पुष्पांजलि अर्पित कर संस्मरणों को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रख्यात स्वतत्रंता संग्राम सेनानी पं.बृजनन्दन शर्मा की 25वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। पं.बृजनन्दन शर्मा सुपर मार्केट में स्थित उनकी मूर्ति पर राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, पूर्व नपाध्यक्ष अशोक पटैरिया, रेडक्रॉस सोसायटी मंत्री डा.एस.पी. पाठक, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, आशीष चौबे एवं वरिष्ठ पत्रकार पवन संज्ञा ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राज्यमंत्री ने कहा कि पं.बृजनन्दन शर्मा का देश के लिये किया गया बलिदान अतुल्यनीय है।


उन्होंने देश के लिये अपना संपूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। वे ऐसे सैनानी थे जिन्होंने 14 वर्ष की उम्र में जेल जाकर अंग्रेजो की जालिम सरकार के खिलाफ बिगुल बजा दिया था तथा अंग्रेजों की कठोर यातनाओं के सामने नहीं झुके तथा पूरी ताकत से स्वतत्रंता संग्राम में अपना श्रेष्ठ योगदान देते रहे।

### ऑनलाइन खरीद का मामला, उपभोक्ता आयोग में झुकी दिग्गज कंपनी

## 1004 रुपए के ईयर बड्स, फ्लिपकार्ट को जुर्माना में देना पड़े 11 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म्स पर सामान बेचने के बाद अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने वाली कंपनियों को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कड़ा सबक सिखाया है। मात्र 1004 रुपये के खराब ईयरबड्स को न बदलने और उपभोक्ता को मानसिक प्रताड़ना देने के मामले में फ्लिपकार्ट कंपनी ने समझौते के तहत परिवादी को 11,000 रुपये का भुगतान करने की पेशकश की, जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए मामले का निस्तारण कर दिया। नेहरूनगर, ललितपुर निवासी शेरसिंह यादव (एडवोकेट) ने 24 जुलाई 2023 को फ्लिपकार्ट से बोट एयरडोपस 161 प्रो ऑनलाइन ऑर्डर किए थे। 29 जुलाई को डिलीवरी मिलने के बाद जब उन्होंने इसका उपयोग किया, तो ईयरबड्स की बैटरी और टच कंट्रोल खराब निकले। परिवादी ने निर्धारित 7 दिनों की रिप्लेसमेंट समय-सीमा (5 अगस्त) के भीतर ही 3 अगस्त को रिटर्न रिक्वेस्ट दर्ज करा दी थी। इसके बावजूद फ्लिपकार्ट ने 8 अगस्त को यह कहते हुए रिक्वेस्ट खारिज कर दी कि रिप्लेसमेंट की समय-सीमा समाप्त हो चुकी



है। इसके बाद उपभोक्ता ने फ्लिपकार्ट और बोट कंपनी के हेल्पलाइन नंबरों पर भी संपर्क किया, लेकिन दोनों कंपनियों ने एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ लिया। उपभोक्ता अधिकारों के हनन और सेवा में कमी को देखते हुए शेर सिंह यादव ने अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान के माध्यम से नोटिस भेजा और अंततरू जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद संख्या 114ध्2023 दर्ज कराया।

#### न्यायालय की प्रक्रिया के दौरान

विपक्षी कंपनी फ्लिपकार्ट आयोग के समक्ष हाजिर हुई, दूसरी विपक्षी कंपनी बोट अनुपस्थित रही, मामले की गंभीरता और साक्ष्यों को देखते हुए फ्लिपकार्ट कंपनी ने अपनी गलती सुधारते हुए समझौते की पेशकश की, 09 जनवरी 2026 को न्यायालय के समक्ष हुए समझौते में फ्लिपकार्ट ने 1004 रुपये के मूल उत्पाद के बदले 11,000 रुपये (मुबलिग ग्यारह हजार) हर्जाने के तौर पर देना स्वीकार किया। जिला उपभोक्ता आयोग के इस आदेश ने स्पष्ट कर दिया है कि उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी या सेवा में लापरवाही बरतने पर कंपनियों को भारी हर्जाना भुगतना पड़ सकता है। शेर सिंह यादव ने इस फैसले को आम उपभोक्ताओं की जीत बताया है। जागरूकता और अधिवक्ता के वक्तव्य को शामिल करते हुए यह खबर अब और भी प्रभावशाली लगेगी। आप इसे समाचार के अंत में या अलग से हाइलाइट करके लगा सकते हैं।

#### उपभोक्ता बनें जागरुक

धोखाधड़ी होने पर क्या करें ? बिल और रसीद संभालें ऑनलाइन शॉपिंग में ऑर्डर आईडी और इनवॉइस को हमेशा सुरक्षित रखें। रिप्लेसमेंट या रिफंड की समय-सीमा के अंदर ही शिकायत दर्ज करें और उसका स्क्रीनशॉट जरूर ले लें। कस्टमर केयर रिकॉर्डरू हेल्प लाइन पर की गई बात का समय और रिफरेंस नंबर नोट करें। कानूनी सहारारू यदि कंपनी सुनवाई नहीं करती है, तो ई-दाखिल पोर्टल के माध्यम से या जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज करें। अब शिकायत दर्ज करना बहुत सरल है।

#### अधिवक्ता का कहना है

मामले की पैरवी कर रहे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि यह लड़ाई केवल 1004 रुपये के ईयरबड्स की नहीं, बल्कि उपभोक्ता के सम्मान और उनके अधिकारों की थी। बड़ी कंपनियाँ अक्सर तकनीकी खामियों का बहाना बनाकर आम जनता को परेशान करती हैं और यह मान लेती हैं कि कम कीमत के सामान के लिए कोई कोर्ट नहीं जाएगा। हमारा उद्देश्य समाज में यह संदेश देना था कि सेवा में कमी को बर्दाश्त न करें। 1004 रुपये के बदले 11,000 रुपये का यह समझौता उन सभी कंपनियों के लिए चेतावनी है जो ग्राहकों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेतीं। कानून हर नागरिक के साथ खड़ा है, बस जागरूक होने की आवश्यकता है।

## पर्दाफाश: वाहन किराए पर लगाने का झांसा देकर करते थे वारदात

# धोखाधड़ी से ट्रक, डंपर लेकर कबाड़ में बेचने वाला गिरोह पुलिस ने दबोचा

### मुख्य सरगना सहित छह आरोपी गिरफ्तार, 10 लाख नकदी सहित अन्य माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

चार पहिया वाहन मालिकों को गुमराह कर ट्रक, डंपर जैसे वाहनों को किराए पर लगाने का झांसा देते हुए बाद में उन वाहनों को कबाड़ में बेचने वाले संगठित अंतराज्जीय गिरोह का जिला पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोपी लोगों से वाहन लेकर उन्हें महाराष्ट्र के जलगांव में कबाड़ियों के यहां खुर्दबुर्द करवा दिया करते थे। जिले के लीमाचैहान एवं तलेन थानों में इस तरह की दो शिकायत मिलने के बाद जिला पुलिस ने परत दर परत सीढ़ियां चढ़ते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई। इस मामले में मुख्य सरगना सहित 06 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं जिनके कब्जे से करीब 10 लाख 60 हजार रुपए नकद सहित अन्य माल बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मंगलवार दोपहर स्थानीय कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता करते हुए पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।



#### पुलिस ऐसे पहुंची आरोपियों तक

एक मामले में लीमाचैहान थाने के तहत बीरम सिंह वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनके आयसर वाहन को अच्छी दर पर किराए पर लगाने का झांसा दिया गया। आयसर की किश्तें भी जमा करवाने की बात कहते हुए कुछ लोगों ने उनसे वाहन लिया। बाद में न तो वाहन की किश्तें जमा हुईं, न आयसर वाहन मिला और संबंधित व्यक्ति भी फरार हो गए। एक अन्य मामले में तलेन निवासी भगवान सिंह ने को भी झांसे में लेते हुए उनके साथ इसी तरह की धोखाधड़ी हुई। उक्त दोनों मामले में फरियादियों को लालच देते हुए शुरू में कुछ नकद राशि भी दी गई ताकि उन्हें शक न हो। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण सहित अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके साथ ही अलग-अलग टीमें बनाकर उन्हें महाराष्ट्र व इंदौर रवाना किया गया। मुखबिरों द्वारा बताए कबाड़ियों के यहां दबिश में उक्त दोनों वाहनों के अलग-अलग पार्टस मिले जिनमें इंजन नंबर, चेचिस नंबर आदि भी पड़ताल कर ली गई।

#### ये आरोपी किए गए गिरफ्तार

मामले में पुलिस ने इस गैंग के मुख्य सरगना यासीन पिता मासूम मुल्तानी, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र), नईम उर्फ नईम चायना पिता खाजू खान, निवासी हाल मुकाम मुसाखेड़ी इंदौर स्थाई निवास छापीहेड़ा जिला राजगढ़, मनोज पिता यसवंत वैष्णव निवासी शाजापुर, याकुब खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र), अकरम खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र) एवं रेहान खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया है।

#### हाईड्रोलिक क्रेन से ले जाते थे वाहन

यह सभी आरोपी वाहन मालिकों को झांसे में लेने के बाद उनका वाहन हाईड्रोलिक क्रेन से जलगांव ले जाते और कबाड़ियों के यहां खुर्दबुर्द करवा दिया करते थे। कुछ आरोपियों पर विभिन्न थानों में कईं अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने अपराध में उपयोग की जाने वाले हाईड्रोलिक क्रेन को भी जब्त कर लिया है।

### जमीनी विवाद के चलते मामला दर्ज किया

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम कवलसीखेड़ा निवासी एक व्यक्ति को चार व्यक्तियों ने मिलकर की मारपीट। सोमवार को कवलसीखेड़ा निवासी संजय पिता कालु गोस्वामी मोटर सायकिल से जीरापुर की ओर आ रहा था चार लोगों ने लाठी ,डंडे से मारपीट की। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय पिता कालू गोस्वामी उम्र 25 वर्ष निवासी कवलसीखेड़ा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की सुबह करीब 11 बजकर 15 पर अपनी मोटरसाइकिल से जीरापुर ट्रैक्टर की किस्त जमा करने आ रहा था तभी रास्ते में जमीनी के पुराने विवाद के चलते गांव के रहने वाले चार लोगों ने गंदी गंदी गालियां देते हुए लाठी , डंडों , फर्सी से हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने तत्काल घायल को सिविल अस्पताल जीरापुर लेकर आयें , जहां प्राथमिक उपचार दौरान बाहर रेफर कर दिया स वहीं पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता कि धारा 126(2) , 296(इ) , 115(2) , 351(3) , 3(5) में मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## क्षमता से अधिक सवारी भरने पर बस जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुकेश कुमार दीक्षित के सतत पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह द्वारा अपने यातायात बल के साथ शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों जज्जी बस स्टैंड, जयस्तंभ चौराहा एवं हनुमान चौराहा पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विशेष रूप से यात्री बसों की गहन जाँच की गई। जाँच के समय गुर्जर ट्रेवल्स की एक बस, जिसकी स्वीकृत क्षमता मात्र 32 सीट थी, उसमें नियमों की खुलेआम अनदेखी करते हुए लगभग 70 से 80 यात्री भरे हुए पाए गए। यह न केवल यातायात कानूनों का उल्लंघन था, बल्कि यात्रियों की जान के साथ किया गया गंभीर खिलवाड़ भी था । स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त बस को जप्त कर थाने में खड़ा किया गया। थाना प्रभारी यातायात टीआई अजय प्रताप सिंह ने बताया कि संबंधित बस पर 10,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया है तथा नियमानुसार जुर्माना अदा करने के पश्चात हिदायत के साथ बस को उसके स्वामी की सुपुर्दगी में दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान अन्य क्षमता से अधिक भरे वाहनों पर भी कार्यवाही की गई, जिनसे कुल मिलाकर 22,000 रूपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। टीआई अजय प्रताप सिंह ने सख़्त शब्दों में कहा कि क्षमता से अधिक सवारी भरकर बस चलाना केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि हर यात्री के जीवन को खतरे में डालने जैसा गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाला हर व्यक्ति किसी का बेटा, बेटी, माँ या पिता होता है, उसकी सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। एक छोटी-सी लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

## जिस राष्ट्र के युवा मजबूत होते हैं वह कभी कमजोर नहीं होता: नरवरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) राजगढ़ की इकाई ब्यावरा द्वारा 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का भव्य एवं अनुशासित आयोजन किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का प्रचार-प्रसार करना, शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत 'खेलो भारत' संयोजक सन्नी नरवरिया जी उपस्थित रहे साथ ही जिला प्रमुख देवेंद्र विमल विशेष रूप से उपस्थित रहे,प्रांत खेलो भारत संयोजक नरवरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का सपना सशक्त, चरित्रवान और आत्मनिर्भर युवाओं का भारत था, जिसे साकार करने के लिए आज के युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से सुदृढ़ होना आवश्यक है। खेल एवं अनुशासन इसके प्रमुख माध्यम हैं। 5 किमी मैराथन दौड़ में ब्यावरा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों युवाओं, विद्यार्थियों एवं खेल प्रेमियों ने उत्साह और जोश के साथ सहभागिता की। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। परिणामों में शुभम दांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।



### नगर में हुआ भूमिपूजन, निकली धर्म ध्वज कलश यात्रा

## 21 को खुजनेर में होगा हिंदू सम्मेलन नगर में तैयारियां जोरों से जारी



**खुजनेर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में खुजनेर नगर में भी 21 जनवरी को एक विशाल एवं भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा सम्मेलन को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं और धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। मंगलवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में मांगलिक भवन बस स्टैंड पर ध्वज भूमि पूजन किया गया तथा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यभारत प्रांत प्रचारक एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि बाबा सत्यनारायण मौर्य मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

#### प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे

श्रीरामधुन संकीर्तन यात्रा 1 जनवरी से 21 जनवरी तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे, खेड़ापति हनुमान मंदिर से नगर के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा व भूमि पूजन। 13 जनवरी, मंगलवार समरसता दिवस व स्वच्छता सेवक सम्मान।14 जनवरी, बुधवार, छत्रपति माता मंदिर परिसर (नगर के सफाई मित्रों का सम्मान) महाआरती।15 जनवरी, गुरुवार, चरणदास मंदिर संतध्पुजारी सम्मान। 16 , शुक्रवार, चरणदास मंदिर भव्य सुंदरकांड पाठ- 17, शनिवार, शासकीय अस्पताल के पीछे पर्यावरण एवं स्वदेशी दिवस। 18 , शिमला बस स्टैंड गौ माता पूजन। 19, सावलिया गौशाला भारत माता की आरतीरू 20 जनवरी, रात्रि 8 बजे, न्यू बस स्टैंड भव्य हिंदू सम्मेलन। 21 जनवरी बैठक में नगर के समस्त हिंदू समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएम श्री बालक एवं कन्या में मनाया गया युवा दिवस



**सुठालिया।** नगर के पीएम श्री बालक एवं कन्या में भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना को प्रतिष्ठित करने वाले, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गयां जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माधवी सिंह परमार भाजपा जिला मंत्री उपस्थित रही । प्राचार्य हेमंत यादव ने इस अवसर पर अतिथि का स्वागत कर युवा दिवस पर युवाओ के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से छात्रों को अवगत कराया, साथ ही भाजपा जिला मंत्री माधवी सिंह परमार ने बताया कि योग से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। और विवेकानंद जी ने ज्ञान, साहस और कर्तव्यभाव के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की चेतना जगाई। उनके आदर्श आज भी युवा पीढ़ी को सेवा, समर्पण और 'विकसित भारत' के निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में सामूहिक सूर्य नमस्कार व योग किया गया एवं कन्या संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर द्वारा विद्या की देवी मां शारदे एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण के साथ राष्ट्रगीत हुआ।



### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का शुभारंभ

**जीरापुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़ द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार ने सर्वप्रथम हनुमान जी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर ट्रायल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लगभग 685 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत 21 खेलों के ट्रायल आयोजित किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, रस्सा-कस्सी, हॉकी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, पिट्ठू, कुश्ती, तैराकी, टेबल टेनिस, जूडो, वेटलिफ्टिंग, योगासन, थ्रो बॉल, शूटिंग, टेनिस, मलखंभ, बॉक्सिंग, फेंसिंग, कयाकिंग-केनोइंग, आर्चरी एवं रोइंग शामिल रहे। इस अवसर पर खेलो एमपी यूथ गेम्स का अतिथियों ने उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

## महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई



**जीरापुर।** स्थानीय महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। जहां पर मां सरस्वती , स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर संचालक शिवचरण दांगी ने विधार्थियों को सुर्य नमस्कार एवं स्वामी विवेकानंद के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स शिक्षक महेंद्र सिंह सोनगरा , रामेश्वर वरदानियां , दिलीप राठौर , अंकुश भावसार , रामेश्वर हरदेनिया , कमल , कृपाल सोलंकी , संजय गौड़ शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिकागो सम्मेलन धार्मिक महासभा में भारत का नाम ऊंचा किया था मेरे प्यारे भाई और बहनों से सम्बोधन किया था और उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से ही सभी धर्म बने हैं स्वामी विवेकानंद ने कहा उठो जागो और जब तक मत रुको तब तक की लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए उन्होंने वैदिक शिक्षा धर्म का प्रचार प्रसार किया और विश्व में सनातन धर्म का डंका बजाया बालक बालिकाओं के द्वारा योग ओर सूर्य नमस्कार किया गया।

### सड़क किनारे खड़ी महिला को कार ने मारी टक्कर, मौत

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर सोमवार देर रात्रि हुए एक सड़क हादसे में हाईवे के किनारे खड़ी महिला को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही दुःखद मृत्यु हो गई। घटना के बाद शव को जिला अस्पताल लाया गया जहां मंगलवार सुबह पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया। राजगढ़ में हेडगेवार कॉलोनी निवासी राजूलाल वर्मा, उनकी पत्नी कृष्णाबाई एवं पुत्र सुनील वर्मा बाईक से राजस्थान के भीमगढ़ स्थित देवस्थान से

## सुधासागर कॉलोनी पार्क में स्वच्छता एवं विकास अभियान, किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

वार्ड क्रमांक 06 स्थित सुधासागर कॉलोनी के पार्क में नगर पालिका द्वारा स्वच्छता एवं विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पार्क की व्यापक सफाई बड़े उत्साह और समर्पण के साथ की गई।

इस पहल का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं वार्ड पार्षद ओमप्रकाश कुशवाह 'गब्बर' ने किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने स्वयं सफाई कार्य में भाग लेकर नागरिकों को



स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का सकारात्मक संदेश दिया।नगर पालिका अध्यक्ष ने पार्क की क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल के पुनर्निर्माण हेतु उपयंत्री चंदेल को आवश्यक निर्देश दिए, जिससे पार्क की सुरक्षा और सौंदर्य में वृद्धि हो सके। साथ ही पार्क में बेंचों की मरम्मत, पौधरोपण एवं पाथवे निर्माण जैसे अन्य विकास कार्यों की भी योजना बनाई गई है। अभियान के दौरान भाजपा नेता राजेश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजूषा खत्री, वार्ड के युवा कार्यकर्ता तथा नगर पालिका की स्वच्छता टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से अभियान को सफल बनाया गया। यह स्वच्छता एवं विकास अभियान न केवल पार्क की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण भी उपलब्ध कराएगा।

### सर्राफ मैरिज गार्डन में निःशुल्क नेत्र शिविर

**माचलपुर।** हिंदू उत्सव समिति माचलपुर के तत्वधान में नगर सर्राफ मैरिज गार्डन में मंगलवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का शुभारंभ हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा वा पार्षद दयाराम राठौर द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण वा दीप प्रज्वलित कर किया गया शिविर में नगर सहित आसपास क्षेत्र के 240 लोगो का पंजीयन हुआ जिनकी आंखो की जांच उपरांत 49 लोगो को आप्रेशन हेतु चुना गया और इन सभी को सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर ले गए। भोजन के पैकेट की व्यवस्था की गई 191 की जांच के बाद निःशुल्क दवाई दी गई।

### भोजन के बाद से ही सिरदर्द, घबराहट, पेट दर्द व उल्टी की होने लगी शिकायत

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे 19 किसानों की तबीयत बिगड़ी

### स्वसहायता समूह कुरावर द्वारा की गई थी किसानों के लिए भोजन व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

भोपाल की हजूर विधानसभा में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री के कृषक कल्याण वर्ष 2026 के कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे किसानों के बीमार होने का मामला कुरावर क्षेत्र से सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम निपानिया चेतन के 10 किसान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर पहुंचे जहां उनका उपचार हेतु खाने के लिए दवाई ओआरएस का पैकेट दिया गया। उल्लेखनीय है कि रविवार को भोपाल में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं उपस्थित थे। नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र से लगभग 800 किसानों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोपाल भेजा गया था। किसानों के लिए भोजन की व्यवस्था कुरावर के स्व सहायता समूह द्वारा की गई थी। बताया जा रहा है कि कृषि विभाग द्वारा भोजन पैकेट का वितरण हिंगोनीजोड़ पर किया गया था। भोजन करने के बाद से ही कई किसानों की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हे सिरदर्द, घबराहट, पेट दर्द सहित उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी था।

#### गांव में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप, दिनभर चलती रही जांच

सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में 19 लोगों का इलाज किया गया, वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम बिजोरी पहुंचकर सहकारी संस्था के पीछे कैंप लगाकर दिनभर में 39 लोगों की जांच की। मंगलवार के समीपस्थ ग्राम निपानिया चेतन के 10 किसान दिलीप पिता राधेश्याम (26), पवन पिता राधेश्याम (36), सुनील पिता शिवनारायण (23), मांगीलाल पिता घीसालाल (60), आत्माराम पिता गंगाराम (55), विजयराम पिता हजारी (41), रामनिवास पिता बद्रीलाल (32), छोटे राम पिता नन्नूलाल (48) कैलाश पिता गंगाराम (50) व विशाल पिता दिनेश उल्टी व पेट दर्द से पीड़ति पाए गए। ये सभी घरेलू उपचार के बाद भी राहत नहीं मिलने पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर पहुंचे। जहां मेडिकल ऑफिसर डॉ नरेश गवली ने उपचार हेतु दवाई लिखी। इलाज से पूर्व किसान कुरावर थाना एवं जहां उन्होंने नायब तहसीलदार को शिकायत देकर भोजन की जांच कराने एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।



#### केंद्र भेजा गया

किसानों की शिकायत प्राप्त हुई थी, प्राथमिकता के तौर पर उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

**सुनीता कुमारी**, नायब तहसीलदार कुरावर

#### कार्रवाई की जाएगी

भोजन की जांच रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। संबंधित स्व सहायता समूह को नोटिस जारी किया जाएगा और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सुशील कुमार**, एसडीएम नरसिंहगढ

#### बीमार होना संभव नहीं

मैंने स्वयं की उपस्थित में एक हजार लोंगो के लिए भोजन नोडल अधिकारी की देखरेख में गुणवत्तापूर्ण बनाया है। भोजन मैने व मेरे साथियों भी खाया तथा भोजन खाने से बीमार होना संभव नही है।

**जयशीला**, अध्यक्ष स्वसहायता समूह

#### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026

### ब्लॉक से चयनित खिलाड़ियों को मिला सम्मान



**सारंगपुर।** शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय खो-खो एवं अन्य खेलों के चयन ट्रायल सारंगपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला एवं विशेष अतिथि मनीष शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। चयन कार्यक्रम में संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मीला डावर ने सभी चयनित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे आगामी संभागीय एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें।